संख्या-39/2021-1155/58-2021-182/2016

प्रेषक,

इन्दुबाला कटियार,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1-समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
2-समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
3-समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।

उद्यान अनुभाग लखनऊ दिनांकः 30 जून, 2021

विषयः- वित्तीय वर्ष 2021-22 में 30.00 करोड़ पौधरोपण हेतु प्रदेश के समस्त शासकीय विभागों एवं अन्य को वन एवं वन्यजीव विभाग की पौधशालाओं से निःशुल्क पौध उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग-5 के पत्र संख्या-275/81-5-2020-67/87-टी0सी0, दिनांक 28 जून, 2021 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा वर्ष 2021-22 में प्रदेश के समस्त शासकीय विभागों एवं अन्य को वन एवं वन्यजीव पौधशालाओं से निःशुल्क पौधे उपलब्ध कराये जाने का आदेश निर्गत किया गया है।

2- पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग-5 के शासनादेश सं0- 2/2019/881/ 81-5-2019-03/2019 दिनांक 21-11-2019 (छायाप्रति संलग्न) के द्वारा उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग को कुल 132.96 लाख पौधों के वृक्षारोपण लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं, जिसके सापेक्ष विभाग की राजकीय पौधशालाओं पर कुल 144.58 लाख पौधों का उत्पादन किया गया है। इन पौधों को प्रदेश के राजकीय प्रक्षेत्रों/समस्त शासकीय विभागों/मा0 उच्च न्यायालय परिसरों/कृषकों/ संस्थाओं/व्यक्तियों/निजी एवं शासकीय शिक्षण संस्थाओं/भारत सरकार के विभाग एवं उपक्रम/स्थानीय निकायों यथा- ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, नगर निगम, नगर पालिका परिषद, प्राधिकरण आदि/रेलवे/रक्षा/औद्योगिक इकाईयों/सहकारी समितियों एवं अन्य को उद्यान विभाग की पौधशाला से कुल 132.96 लाख निःशुल्क पौध उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

कृपया तद्नुसार अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

(इन्दुबाला कटियार)
संयुक्त सचिव

संख्या-39/1155(1)/58-2021 तद्दिनांक-

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन अनु0-5,उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2- निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
3- समस्त उप निदेशक उद्यान, उ0प्र0।
4- समस्त जिला उद्यान अधिकारी, उ0प्र0।

आज्ञा से,

(इन्दुबाला कटियार)
संयुक्त सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in